आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–06 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सहारनपुर से बीजेपी प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना सीट से प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के समर्थन में सहारनपुर में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने नारी शक्ति को लेकर कहा कि शक्ति उपासना हमारी स्वाभाविक, आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा है, लेकिन आईएनडीआईए के लोग चुनौती दे रहे हैं कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। उन्हें पता नहीं है कि जिन लोगों ने शक्ति को नष्ट करने का प्रयास किया, उनका क्या हाल हुआ है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि भारत की आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस दशकों पहले खत्म हो चुकी है। उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने लोगों का भरोसा जीता है। यह पार्टी राजनीति नहीं, राष्ट्र नीति पर चलती है। हमारे लिये देश और देशहित से बड़ा कुछ नहीं है। गरीब कल्याण हमारे लिये चुनावी घोषणा नहीं बल्कि मिशन है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर भी चुनावी घोषणा नहीं, बल्कि हमारा मिशन था। इस वर्ष राम नवमी के शुभ अवसर पर प्रभु श्रीराम टेंट में नहीं, बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार, कानून व्यवस्था के बिषय में तनिक भी छूट देने वाली नहीं है। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सुरक्षा के साथ–साथ निवेश के लिये भी माहौल बनाया है। यह क्षेत्र अपने कृषि उत्पादों के लिये भी जाना जाता है और हमारी सरकार दस साल से किसान हितों के लिये काम कर रही है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हम नये भारत में आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी बना रहे हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हम ऐसे भारत का दर्शन कर रहे हैं जो दुनिया के अन्दर वैश्विक मंच पर ग्लेबल लीडर और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के लिये जाना जा रहा है। यह भारत दुनिया को विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रम का मॉडल दे रहा है। भारत का यह मॉडल नौजवानों को आजीविका की गारंटी और आस्था को सम्मान दे रहा है। पहले जिन मुद्दों पर चर्चा करने में लोग हिचकते थे, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उस कार्य को करने में भी कोई रूकावट नहीं आ रही है। मुख्यमंत्री आज सहारनपुर, कैराना और बिजनौर के प्रत्याशियों के पक्ष में अलग–अलग जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमे जाति–सम्प्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं बल्कि विकसित भारत की संकल्पना और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिये जनता मतदान करे।

****

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी चिकित्साधिकारियों को मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवाओं की कमी न होने पाए और चिकित्सक समय पर उपलब्ध रहें। श्री पाठक ने कहा कि अस्पतालों में गर्मी से बचाव के लिये सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। हीट वेब को लेकर सतर्कता बरती जाए और जमीनी स्तर पर गर्मी से होने वाली बीमारियों के आंकड़े जुटा कर उनके रोकथाम के लिये प्रभावी कार्यवाही की जाए।

****

अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पड़ने वाली पहली रामनवमी को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। रामनवमी मेला नौ अप्रैल से शुरू हो जायेगा। राम जन्मोत्सव सत्रह अप्रैल को है, इस कारण अयोध्या में भीड़ बढ़ने की सम्भावना को देखते हुए परिवहन निगम ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। निगम की ओर से एक सौ बीस बसों का अतिरिक्त बेडा संचालित करने की तैयारी है। इसके लिये अयोध्या में हाईवे किनारे अस्थाई बस स्टैण्ड भी बनाया जायेगा। परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आदित्य प्रकश ने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिये अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती भी की जा रही है, वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामनवमी में भारी भीड़ जुटने की सम्भावना के देखते हुए श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने घरों में ही रामनवमी मनायें। उधर राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में अब एलएनटी और टाटा कंसल्टेंसी के साथ, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम भी मिलकर काम करेगा। राम मंदिर का प्रथम, द्वितीय तल और प्रथम तल पर राम दरबार इस वर्ष के अन्त तक तैयार कर लिया जायेगा।

श्री मिश्र ने बताया कि कुबेर टीले का कार्य शुरू हो चुका है, सप्तऋषि मंदिर के फाउण्डेशन की खुदाई पूरी हो चुकी है। निर्माण में सबसे बड़ी चुनौती परकोटा यानी परिक्रमा निर्माण की है। परकोटे की लम्बाई सात सौ पचास मीटर है। श्रद्धालु भगवान रामलला की लगभग एक किलोमीटर की परिक्रमा करेंगे। उन्होंने बताया कि रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम के माथे पर सूर्य किरण पड़े, इसका भी प्रयास हो रहा है। इस पर वैज्ञानिक कार्य कर रहे हैं।

****

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कौशाम्बी में डायट कार्यालय के परिसर से बाइक रैली निकाली गयी। चित्रकूट में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मेहदी और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्नाव में मतदाता जागरूकता का संकल्प दिलाया गया तो वहीं, बदांयू में छात्राओं की ओर से चुनावी पाठशाला का आयोजन कर लघु नाटिका का मंचन किया गया और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

****